







# तार समाचार

जनवरी–मार्च 2018

The Indian Steel & Wire Products Limited
A Subsidiary of TATA Steel Limited




# प्रबंध निदेशक की कलम से



प्रिय साथियों,

आप सभी को नये वर्ष 2018 की हार्दिक शुभकामनाएँ। ये वर्ष आई.एस.डब्ल्यू.पी. परिवार के लिए सुरक्षित उपलब्धियों, सफलताओं से परिपूर्ण हो, यही हमारी ईश्वर से प्रार्थना है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के अंतिम माह मार्च 2018 में रॉड मिल में एक दुर्घटना का हमें पुनः सामना करना पड़ा। यह हमारे लिए बहुत ही दुखद है। हमारे लिए सुरक्षा सर्वोपरि है। सुरक्षा खुशहाल जीवन का आधार है। सुरक्षा के प्रति जागरूकता केवल कार्यस्थल पर ही नहीं बल्कि घर, सड़क पर, चलते हुए हर क्षण हमें सजग और सचेत रहना है। मैं आप सभी को एवं आपके परिवार के सदस्यों से ये उम्मीद करता हूँ कि सभी एक दूसरे को सुरक्षा के प्रति हमेशा जागरूक रखने की कोशिश करेंगे।

वित्तीय वर्ष 2017-18 में हमारी निम्नलिखित उपलब्धियाँ रहीं :

- रॉड मिल का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन - 243614 MT
- रॉड मिल का जनवरी'18 में माह का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन - 23580 MT
- वायर मिल का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन - 55672 MT
- वायर मिल का मार्च'18 में माह का GI Wire सर्वश्रेष्ठ उत्पादन - 4429 MT
- वायर मिल का मार्च'18 में माह का वायर ड्राइंग सर्वश्रेष्ठ उत्पादन - 5078 MT
- टी.बी.इ.एम. असेसमेंट 2017 में 525 स्कोर हासिल किया और वर्ष 2016 में 500+ स्कोर हासिल करने के लिए टाटा ग्रुप के चेयरमैन द्वारा सम्मानित करना।
- टी.ए.ए.पी. असेसमेंट 2017 में एक बैंड की उछाल के साथ 426-450 स्कोर बैंड का हासिल करना।
- एफरमेटिव एक्शन के तहत शिक्षा के क्षेत्र में पोटका प्रखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में किए जा रहे हमारे प्रयासों में टाटा ग्रुप में सराहा गया तथा आई.एस.डब्ल्यू.पी. को सम्मानित किया गया।
- सी.आई.आई. एच.आर. एक्सीलेंस असेसमेंट 2017 में 500-550 स्कोर बैंड हासिल किया और इसके लिए आई.एस.डब्ल्यू.पी. को ''सिग्नीफिकेंट अचिवमेंट इन एच.आर. एक्सीलेंस'' अवार्ड से सम्मानित किया गया। पिछली वर्ष हमारा स्कोर 450-500 था।


जेम्को में बाइंडिंग वायर का ट्रायल उत्पादन शुरू कर दिया गया है तथा हमने मार्च में 104 MT उत्पादन किया। इसके लिए मैं बाइंडिंग वायर की टीम को बधाई देता हूँ तथा जल्द ही इसे पूर्णक्षमता हासिल करने की कामना करता हूँ।

जेम्को के कर्मचारियों का सफलतापूर्वक दूसरे डिवीजन में आवश्यकतानुसार स्थानांतरण कर दिया गया है तथा सभी एन.आर. ग्रेड के कर्मचारियों का वेज रीविजन, जो काफी समय से विलंबित था, मार्च माह में पूर्ण किया गया, यह सफलता यूनियन टीम के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। इसके लिए मैं अपने यूनियन कमेटी मेंबर्स को धन्यवाद देता हूँ।

पर्यावरण संरक्षण के दिशा में भी हमने कुछ अभूतपूर्ण पहल की है, जिसमें बारिश के पानी का संग्रहण तथा कारखाना परिसर में सौर्य ऊर्जा के प्रयोग भी सम्मिलित है। इस पहल को हम समय के साथ पूरे आई.एस.डब्ल्यू.पी. क्षेत्र में फैलाने का प्रयास करेंगे।

इस वित्तीय वर्ष में हमने वार्षिक बिजनेस प्लान में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने का सफल प्रयास किया है। मैं इस सफलता के लिए आई.एस.डब्ल्यू.पी. परिवार के सभी सदस्यों को बधाई देता हूँ।

शुभेच्छाओं के साथ



## नव वर्ष में केक कटिंग



1 जनवरी 2018 नये साल का शुभारंभ कंपनी परिसर में चेयरमैन श्री सुनील भास्करन, प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय द्वारा केक काट कर किया गया। श्री सुनील भास्करन द्वारा सभी कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी गई, कार्यक्रम में कंपनी के सभी पदाधिकारी यूनियन के अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी विद्यमान थे।

## रक्त दान शिविर का आयोजन



इस वर्ष 13 जनवरी 2018 एवं 14 मार्च 2018 में कंपनी परिसर में जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बड़ी मात्रा में रक्त दान कर 'रक्त दान है महा दान' मुहिम में जुड़ गए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय, यूनियन अधिकारी, सदस्य, उच्च अधिकारी उपस्थित थे। प्रातः काल से संध्या तक रक्त दान करने वालों का जमावड़ा था। रक्तदानकर्त्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## बी. मुथूरमन द्वारा आई.एस.डब्ल्यू.पी. का दौरा



टाटा स्टील के पूर्व उपाध्यक्ष श्री बी. मुथूरमन द्वारा आई.एस.डब्ल्यू.पी. में 22 जनवरी को विज़िट किया गया। श्री मुथूरमन जी, अपने जीवन काल में (2001-2008) 9 वर्ष टाटा स्टील में प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त थे।

श्री बी मुथुरमन जी ने समस्त कर्मचारियों के समक्ष अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा :- मैं अत्यंत प्रसन्न हूँ आई.एस.डब्ल्यू.पी. में आकर। टाटा स्टील और आई.एस.डब्ल्यू.पी. के बीच का संबंध अत्यंत पुराना एवं घनिष्ठ है। जब भी कोई विपत्ति आई, दोनों कंपनी ने मिलकर एक-दूसरे की मदद करते हुए विपदा को दूर की है एवं आई.एस.डब्ल्यू.पी. के वायर मिल में उत्पादन होने वाले वायर भारत का सर्वश्रेष्ठ वायर है। विश्व में इस वायर की गुणवत्ता अत्यंत प्रसिद्ध है। मैं सदैव आई.एस.डब्ल्यू.पी. के मंगल की कामना करता हूँ।

## आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल. में गणतंत्र दिवस



स्वतंत्रता के ढाई वर्ष के बाद भारत सरकार ने स्वयं का संविधान लागु किया। 26 जनवरी को हमारे देश को प्रजातांत्रिक गणतंत्र घोषित किया। प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल. में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कंपनी के प्रबंध निदेशक द्वारा कंपनी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्ण आरोहण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी मात्रा में अधिकारी, यूनियन सदस्य, कर्मचारी उपस्थित थे।



## रिकॉर्ड उत्पादन

नया वर्ष आई.एस.डब्ल्यू.पी. के लिए खुशियाँ लेकर आया है। जनवरी माह में रॉड मिल में सर्वाधिक उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया। दिनांक 1 फरवरी 2018 को कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत ने रॉड मिल में केक काट कर सभी कर्मचारियों को इस उपलब्धी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति समर्पण और चुनौतियों को स्वीकार करने के जज्बे के कारण यह कीर्तिमान स्थापित हो पाया है। इस अवसर में बड़ी संख्या में कंपनी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, यूनियन के सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे।

# TQM गतिविधियाँ

## सुझाव योजना संबंधी गतिविधियाँ

कंपनी के कर्मचारियों द्वारा सुझाव देने के प्रति उत्साह को बरकरार रखने के लिए प्रत्येक तिमाही में अत्यधिक सुझाव देने वाले कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानपूर्ण प्रमाण पत्र दिया जाता है।



## संवाद

'संवाद' वो माध्यम है जो मैनेजमेंट और यूनियन के बीच की कम्यूनिकेशन की डोर को मजबूती प्रदान करता है। इस वर्ष 16 फरवरी 2018 को संवाद का दूसरा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नीरज कांत, यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय, सभी उच्च पदाधिकारीगण एवं यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्पादन, विक्रय, सुरक्षा, वित्तीय प्रदर्शन, एच.आर. के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक चर्चा मैनेजमेंट एवं यूनियन के बीच हुई।








## के.एम. चैम्पीयन



प्रत्येक त्रैमासिक में अत्यधिक नॉलेज मैनेजमेंट पोर्टल में नॉलेज शेयर करने वाले विभाग को कंपनी प्रबंध निदेशक द्वारा के.एम. ट्रॉफी दिया जाता है।

इस वर्ष के तृतीय त्रैमासिक में जेम्को (फाउन्ड्री) विभाग को प्रबंध निदेशक द्वारा अत्यधिक नॉलेज शेयर करने के उपलक्ष्य में ट्रॉफी द्वारा सम्मानित किया गया।

## आई.एन.एस.एस.ए.एन. (INSSAN) अवार्ड

इस वर्ष इंडियन नैशनल सजेसन स्कीम एसोसिऐसन द्वारा 28वां वार्षिक समारोह औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में 12-13 जनवरी 2018 को आयोजित किया गया। इस समारोह में 34 से ज्यादा नामचीन कंपनियों के 130 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया जिसमें आई.एस.डब्ल्यू.पी. से जसबीर सिंह वालिया (हिन्दी स्लोगन), रतिकांत (इंग्लिश स्लोगन), अनुपमा महतो (निबंध) एवं विनोद कुमार (पोस्टर) प्रतियोगिता में सभी को मेरिट स्थान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।










## टी.पी.एम. गतिविधियाँ



टी.पी.एम. सलाहकार श्री सुरजीत देव ने 26 एवं 27 फरवरी को आई.एस.डब्ल्यू.पी. का भ्रमण किया। इस दौरान श्री देव ने कार्यस्थल पर किए जा रहे सुधारों के लिए रॉड मिल और वायर मिल टीम को सराहा। जेम्को में भ्रमण के दौरान कार्यस्थल पर नये प्रोजेक्ट पर हो रहे कार्यों को देखा और कार्यक्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से 1S, 2S पर ध्यान केन्द्रीत करने का सुझाव दिया।


भ्रमण के दूसरे दिन श्री सुरजीत देव ने दिये गये टास्क का निरीक्षण किया, जिसमें सुरक्षा टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों को सर्वाधिक स्कोर देकर टीम को सम्मानित किया। भ्रमण के अंत में श्री देव ने सभी टी.पी.एम. पीलर्स टीम के सदस्यों को तेज गति से कार्य करने की सलाह दी ताकि हम निर्धारित लक्ष्य को हासिल करके अगले वर्ष टी.पी.एम. फेस-2 के असेसमेंट के लिए स्वयं को तैयार कर पाएं।

## टाटा टिनप्लेट भ्रमण

टाटा टिनप्लेट में हो रही टी.पी.एम. गतिविधियों को देखने के लिए हमारे सभी यूनियन कमेटी मेंबर ने टाटा टिनप्लेट का भ्रमण किया। इस दौरान कार्यस्थल पर हो रही जीशु होजन की गतिविधियों को देखा। टिनप्लेट कंपनी के कर्मचारियों में जीशु होजन में हो रहे कार्यकलापों को हमारे सदस्यों से साझा किया तथा टी.पी.एम. गतिविधियों को अपनाने के दौरान उत्पन्न चुनौतियों को भी हमसे साझा किया और जीशु होजन गतिविधियों से हो रहे सुधारों और फायदों को भी यूनियन टीम से साझा किया। हमारे यूनियन के महासचिव श्री आशीष अधिकारी एवं श्री अमित सरकार टी.पी.एम गतिविधियों से काफी उत्साहित हुए और आई.एस.डब्ल्यू.पी. में भी इन गतिविधियों को तेजी से करने का आहृवान सभी सदस्यों से किया।

# उड़ान की गतिविधियाँ

## 'लेडिज डे आउट'



आई.एस.डब्ल्यू.पी. में महिलाओं को स्वच्छ एवं उपयुक्त पर्यावरण उपलब्ध कराया गया है। जिससे महिलाएँ स्वतंत्रता से कार्य कर सके, इसके अंतर्गत महिलाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। 19 जनवरी 2018 को ऑफिसर क्लब में महिला कर्मचारियों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी गतिविधियों में भाग लेकर महिला कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



महिलाओं में अपरिमित शक्ति एवं क्षमताएँ विद्यमान है। अपने अद्‌भुत साहस, अथक परिश्रम तथा दूरदर्शी बुद्धिमता के आधार पर विश्वपटल पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहीं है। अलग अलग क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं का सम्मान करने और उनकी उपलब्धियों का उत्सव 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस संदर्भ में आई.एस.डब्ल्यू.पी. में महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत क्वीज प्रतियोगिता, ग्रुप पिकचर, शेयर योर स्टोरी एवं गाइनिक सेसन का आयोजन किया। गाइनिक रेनुका चौधरी ने महिलाओं के साथ महिला संबंधी रोग, लक्षण एवं रोकथाम के उपाय के विषय में चर्चा की।





टाटा स्टील के पहल के तहत 27 फरवरी 2018 को जे.आर.डी. स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में टाटा ग्रुप की महिला कर्मचारियों के लिए ''वोमेन फन-अ-थॉन'' का आयोजन किया गया, इसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ थी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रूची नरेन्द्रन एवं श्रीमती सेन के निगरानी में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। आई.एस.डब्ल्यू.पी. से कुल 10 महिलाओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें एडमिन डिपार्टमेंट की निरोशा को सैक रेस एवं वन लेग में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




## संस्थापक दिवस का आयोजन

टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की जयन्ती 179वें संस्थापक दिवस का उत्सव टाटा स्टील में 3 मार्च को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थिसेनक्रुप्प स्टील के अध्यक्ष हेनरिक हेसिंगर थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों की टीम सरीक हुई।

हमारे प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत द्वारा जे.आर.डी. टाटा के प्रतिमा पर पुष्प देकर उन्हें स्मरण एवं श्रद्धांजलि अर्पण की।



## टाटा स्टील डिविजनल



टाटा स्टील द्वारा आयोजित इंटर डिविजनल एथलीट प्रतियोगिता में सभी टाटा स्टील और टीआईएस ग्रुप कंपनियों (पैन इंडिया) ने भाग लिया था। हमारी कंपनी आई.एस.डब्ल्यू.पी. ने 3 प्रतियोगिता में भाग लिए जिसमें विनोद कुमार (रॉड मिल) को 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ एवं संजय कुमार मिश्रा (एडमिनिस्ट्रेसन) को 100 मीटर एवं 200 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।

## आई.एस.डब्ल्यू.पी. के प्रबंध निदेशक वाइस प्रेसिडेंट चुने गए

भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई.आई) की वार्षिक बैठक का आयोजन 14 मार्च 2018, बेल्डिह क्लब बिष्टुपुर में आयोजित किया गया था। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नये वर्ष के लिए नये कार्यकारणी का गठन करना था। जिसमें आई.एस.डब्ल्यू.पी. के प्रबंधनिदेशक श्री नीरज कांत को सी.आई.आई. झारखंड के वाइस चेयरमेन के पद के लिए चयन किया गया। यह आई.एस.डब्ल्यू.पी. परिवार के लिए गर्व की बात है।




## नवल टाटा हॉकी अकाडमी

टाटा स्टील द्वारा 2 मार्च 2018 आई.एस.डब्ल्यू.पी. स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में टाटा हॉकी अकाडमी का उद्‌घाटन किया गया। यह टाटा संस के पूर्व चेयरमैन श्री रतन टाटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर टाटा संस के वर्तमान चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन एवं टाटा स्टील के एम.डी. श्री टी.वी. नरेन्द्रन, वी.पी., टाटा स्टील श्री सुनील भास्करन, आई.एस.डब्ल्यू.पी. के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, आई.एस.डब्ल्यू.पी. लेबर यूनियन के अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री आर रवि प्रसाद भी उपस्थित थे।



## सी.एस.आर. की गतिविधियाँ



हमारी कंपनी अपनी प्रयास से के.जी.बी.भी., पोटका के छात्राओं के जीवन में बदलाव ला रहा है। इसी सोच के तहत प्रोजेक्ट (RAAH राह के द्वारा) प्रत्येक वर्ष दिव्यागना छात्रा को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। इसी प्रोजेक्ट की प्रथम छात्रा सरस्वती ने पॉलिटेक्नीक की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात टाटा मोटर्स में नौकरी हासिल की है। हमारी तरफ से उसे अनेक अनेक शुभकामनाएँ।

# सुरक्षा संबंधी गतिविधियाँ

## रोड सेफ्टी वीक

सड़क पर गाड़ी चलाते समय लोगों की गलतियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं और सड़क सुरक्षा एक सुरक्षात्मक कदम है। इस संदर्भ में इस वर्ष का विषय ''तेज रफ्तार से बचें, दुर्घटनाएँ रोकें।'' हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है कि सड़क हादसों और चोट के मामलों की संख्या को कम करने के साथ ही सावधान और सुरक्षित होने के लिए सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए सड़क सुरक्षा बहुत जरूरी है।

## सुरक्षा माह का आयोजन

आई.एस.डब्ल्यू.पी. एवं जेम्को में मार्च माह को सेफ्टी माह के रूप में मनाया जाता है। 7 मार्च को इस माह की शुरूआत प्रबंध निदेशक द्वारा ध्वज आरोहण के साथ किया गया। प्रबंध निदेशक का संदेश था कि कर्मचारी अपने सुरक्षा के प्रति सजग रहे, कार्य करते समय जिन सुरक्षा प्रणाली की आवश्यकता होती है सभी का पालन करे, क्योंकि कर्मचारियों की स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कंपनी के लिए अनमोल है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों में स्लोगन, क्विज प्रतियोगिता, हंट दी हजार्ड, करेक्ट युज ऑफ पी.पी.ई., लघु नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



